# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 जून 2025 सान्ध्य समाचार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित 60 हजार 244 अभ्यर्थियों को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चयनित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूरे देश से समाप्त हो जाएगा। आज प्रदेश में सुरक्षा और कानून–व्यवस्था का बेहतर माहौल है। बिना किसी सिफारिश के युवाओं को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत उनकी योग्यता के आधार पर नियुक्ति प्रदान की जा रही है।

**एक बात बड़ी महत्वपूर्ण है मेरे सामने 60 हजार 244 युवा बैठे हैं मै उनके सामने हिम्मत से कह रहा हूँ किसी को एक काने पाई की भी रिश्वत किसी को भी देने नही पड़ी है ये पारदर्शिता के साथ भर्ती है। ना खर्ची न पर्ची सिफारिश से भी नही जाती के आधार पर भी नही और भ्रष्टाचार से भी नही योग्यता के आधार पर 48 लाख एप्लिकेशन में से आप सब आप सब आपकी योग्यता के आधार पर आये हैं बट मै मानता हूं इससे बड़ी उपलब्धि किसी भी शासन के लिए कोई नही हो सकती है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 60 हजार से अधिक युवाओं को आज नियुक्ति पत्र का वितरण ऐसे समय हो रहा है जब प्रधानमंत्री मोदी के देश की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल ने लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश के साढे आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम को वाराणसी पहुंचेंगे। दो दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद शाम को ही बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद चुनिंदा विकास परियोजनाओं, पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय और यूपी कालेज के हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ का भी निरीक्षण कर सकते हैं।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रॉकेट प्रक्षेपण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि राज्य में पहली बार रॉकेट के माध्यम से छोटे उपग्रह–पेलोड का प्रक्षेपण किया गया है।

**इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि यह परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। परीक्षण के दौरान रॉकेट 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया इसके बाद रॉकेट से एक छोटा उपग्रह बाहर आया, जब यह उपग्रह 5 मीटर नीचे गिरा तो उसका पैराशूट खुल गया। इसरो के वैज्ञानिक ने बताया यह रॉकेट लॉन्च परीक्षण अहमदाबाद में ड्रोन का उपयोग करके किए गए पिछले परीक्षणों से कई मायने में अलग है, क्योंकि यह पहला मौका है जब यूपी में रॉकेट का उपयोग करके सीधे उपग्रह लांच किया गया है। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में अब तक 32 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है और 14 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि जिन मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है, उनके शव परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विजय रूपाणी का डीएनए मिलान हो गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने इसकी घोषणा की।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में साप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविरों, व्याख्यान एवं कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रमों का यह सिलसिला 21 जून तक जारी रहेगा।

इस क्रम में आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में साप्ताहिक योग शिविर एवं शैक्षिक कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि योग और आयुर्वेद विश्व के लिए एक महान वरदान है। ये प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी सहायक हैं। उधर, वाराणसी के नमो घाट पर विधायक नीलकंठ तिवारी ने सात दिनों तक चलने वाले योग शिविर की शुरूआत की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने आम लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया। मिर्जापुर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के मार्गदर्शन में योग सप्ताह की शुरूआत हुई। इसी प्रकार बलिया, बलरामपुर, जौनपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर समेत विभिन्न जनपदों में साप्ताहिक योग शिविरों का आज शुभारंभ हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने आम जन को प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ ही इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की।

**********

जौनपुर में मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत आज पुलिस के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने बालिकाओं और महिलाओं को वूमेन पॉवर लाइन–1090, यूपी–112, समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

**********